# प्रदेशभर में बनेंगे 13 हजार 269 राजीव युवा मितान क्लब

» नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने में सहभागी बनेंगे युवा

» राजीव युवा मितान क्लब से युवाओं को मिलेगी नई दिशा

रायपुर (आरएनएस)। किसी देश और प्रदेश के लिए युवा वह पूंजी होते हैं जिन पर उस देश और प्रदेश का भविष्य निर्भर करता है। इसी विचार को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने में युवाओं को सहभागी बनाने की पहल की है। युवाओं को एक सूत्र में पिरोने के लिए भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी के नाम पर राजीव युवा मितान क्लब योजना शुरू की जा रही है, जिसके माध्यम से प्रदेश की युवा शक्ति को एक नई दिशा मिलेगी। वहीं युवाओं को एक मंच देकर छत्तीसगढ़ के विकास में सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। राज्य सरकार ने प्रदेशभर में 13 हजार 269 राजीव युवा मितान क्लब के गठन का निर्णय लिया है।

गौरतलब है कि स्वामी विवेकानंद की जयंती पर 12 जनवरी 2020 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के युवाओं को संगठित करके उनकी ऊर्जा का सदुपयोग नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने में करने की बात कही थी। इसके लिए युवाओं को एक मंच पर लाना जरूरी है और वह मंच या माध्यम राजीव युवा मितान क्लब है। क्लब से जुड़कर युवा खेलों को आगे बढ़ाने के साथ ही छत्तीसगढ़ की संस्कृति और पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए काम करेंगे। राजीव युवा मितान क्लब का उद्देश्य युवाओं को रचनात्मक कार्यों से जोड़ने के अलावा इन युवाओं के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाना भी है।

**क्लब गठन का उद्देश्य–** राजीव युवा मितान क्लब गठन की योजना का उद्देश्य प्रदेश के युवा वर्ग को संगठित कर उन्हें रचनात्मक कार्यों से जोड़ना है। वहीं उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल एवं सेवाभाव से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना है। साथ ही प्रदेश के विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग प्राप्त कर लोक सहभागिता सुनिश्चित करने व सृजनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित किया जाना है। राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व क्षमता के विकास में मदद मिलेगी। इस क्लब के माध्यम से कौशल विकास की गतिविधियाँ भी संचालित की जाएंगी।

**यह हुआ है तय** – योजना के लिए तय प्रारूप के अनुसार राज्य की सभी 11 हजार 664 ग्राम पंचायतों में एक-एक एवं प्रदेश के 169 नगरीय निकायों में जनसंख्या के अनुपात में 1605 क्लबों का चरणबद्ध तरीके से गठन किया जाएगा। इस तरह राज्य में कुल 13 हजार 269 राजीव युवा मितान क्लब गठित किए जाएंगे। इन क्लबों के लिए 132.69 करोड़ रुपए वार्षिक व्यय संभावित है, जिसमें वित्तीय वर्ष 2021-22 के वार्षिक बजट में राजीव युवा मितान क्लब के लिए 50 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। प्रति क्लब प्रति तिमाही 25 हजार रुपए की राशि अनुदान के रूप में दी जाएगी।

**ये होंगे क्लब के सदस्य–** निर्धारित प्रावधानों के अनुसार क्लब में सदस्य बनने की पात्रता राज्य के मूल निवासियों को होगी। इसमें 15 से 40 वर्ष आयु सीमा के बीच के लोग ही सदस्य बनने की योग्यता रखेंगे। प्रत्येक क्लब में सदस्य क्षमता 20-40 तक होगी। इसमें प्रभारी मंत्री यह सुनिश्चित करेंगे कि क्लब में सभी वर्गों का उचित प्रतिनिधित्व हो।

**ऐसे होगा संचालन–** राजीव युवा मितान क्लब के प्रभावी रूप से संचालन के लिए राज्य स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक समिति गठित की गई है। योजना के क्रियान्वयन, पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन के लिए राज्य स्तर पर मंत्री स्तरीय समिति होगी, जिसके अध्यक्ष राज्य के मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री उपाध्यक्ष होंगे। राज्य स्तर पर कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष मुख्य सचिव, जिला स्तर पर कार्यकारिणी समिति के संरक्षक प्रभारी मंत्री तथा अध्यक्ष जिला कलेक्टर एवं उपाध्यक्ष पुलिस अधीक्षक होंगे। अनुभाग स्तर पर समिति के अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी राजस्व होंगे। ग्राम पंचायतों में योजना के क्रियान्वयन का दायित्व अनुविभागीय अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत होंगे। नगरीय क्षेत्रों में क्रियान्यवन का दायित्व आयुक्त नगर निगम एवं सी.एम.ओ. नगरीय निकाय का होगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### भालू पर नुकीले हथियार से हमला

महासमुंद (आरएनएस)। घुंचापाली चंडी मंदिर में प्रसाद खाने के लिए आने वाले एक भालू पर अज्ञात ने धारदार नुकीले हथियार से हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार मंदिर में आने वाले भालू के परिवार की विशेष देखरेख करने वाले सुरक्षा अधिकारी ने बुधवार को देखा कि मंदिर में आने वाला एक 10 वर्षीय नर भालू घायल था और उसके शरीर पर नुकीला तीरनुमा हथियार लगा हुआ था। भालू उसे बार-बार निकालने का असफल प्रयास कर रहा था। भालू घायल था, इसलिए तत्काल मामले की जानकारी वन विभाग के उच्चाधिकारियों को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पिंजरा लगाकर भालू को रेस्क्यू किया। जंगल सफारी भेजा गया। बागबाहरा वन विभाग द्वारा अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर 7.43 लाख रुपए की धोखाधड़ी

महासमुंद (आरएनएस)। एलआईसी का फर्जी दस्तावेज तैयार कर 7.43 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। शिकायत की जांच के बाद उमेश कुमार निर्मलकर के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। भारतीय जीवन बीमा निगम महासमुंद शाखा के विकास अधिकारी धर्मेंद्र महोबिया ने मामले की शिकायत की थी। अपनी शिकायत में धर्मेंद्र महोबिया ने बताया कि सीनियर बिजनेस एसोसिएट बनने के बाद उसे एलआईसी की ओर से लाइफ प्लस मर्चेंट आईडी देते हुए रीनिवल प्रीमियम एलआईसी पॉलिसी के संग्रह के लिए अधिकृत किया गया। कार्यालय खोला गया जिसमें उमेश कुमार निर्मलकर पिता पवन कुमार निर्मलकर को कम्प्यूटर ऑपरेटर/कैशियर के पद पर नियुक्त किया गया है। वह प्रीमियम की राशि जमा नहीं करता था।

### कुम्हड़ाकोट के पास भीषण सड़क हादसे में कार सवार युवक की हुई मौत

जगदलपुर (आरएनएस)। जिला मुख्यालय के कुम्हड़ाकोट इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर आज सुबह तीन बजे कार क्रमांक सीजी 17 केयू 4167 और ट्रक क्रमांक एपी 16 टीएस 9989 के बीच हुए भीषण सड़क हादसे में कार सवार युवक हिमांशु दास निवासी राजीव गांधी वार्ड की मौके पर ही मौत हो गई है। दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि कार का सामने का हिस्सा पूरी तरह ट्रक में जा घुसा जिसके बाद युवक को निकालने के लिए गैस कटर का उपयोग किया गया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक हिमांशु दास हाल ही में हैदराबाद में होटल मैनेजमेंट का कोर्स पूरा करने के बाद जगदलपुर लौटा था। शनिवार की रात 09 बजे के करीब वह अपने दोस्तों के साथ जन्मदिन पार्टी मनाने के लिए निकला था, जिसकी आज सुबह तीन बजे हिमांशु के दुर्घटना की जानकारी मिली हम जब मौके पर पहुंचे तो हिमांशु कार में फंसा हुआ था। जिसे गैस कटर की मदद से काटकर बाहर निकाला गया और डिमरापाल अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। ट्रक में चावल भरा हुआ था ट्रक चालक ने स्वयं को पुलिस के हवाले कर दिया।

### हाथी ने फिर उत्पात मचाया, इस बार जिले के अंतिम छोर में पहुँचा हाथियों का दल

नगरी (आरएनएस)। जिले में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है, हाथियों का झुंड इन दिनों जिले के अंतिम छोर टाईगर रिजर्व इलाके में घुटकेल के ढोरीन पारा में जबरदस्त तरीके से आतंक मचा रखा है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो हाथियों की दल शुक्रवार को करीब 11 की संख्या में पहुँचे थे। तो वहीं बीते रात में एक हाथी पहुँच कर महादेव मरकाम के आशियाना को क्षतिग्रस्त कर दिया तो वहीं किसान सुकदेव के द्वारा लगाये गए सब्जी और गन्ना के फसल को भी तबाह कर दिया।

# ग्रामीण क्षेत्र में मल्टी यूटीलिटी सेंटर से तय हो रही आजीविका

कोरबा (आरएनएस)। ग्रामीण क्षेत्र में लोगों के लिए आजिविका के संसाधन सुनिश्चित करने के लिए सरकार योजनाओं पर काम कर रही है। मल्टी युटीलिटी सेंटर इसका सबसे अच्छा माध्यम बने हुए है। अनेक समूहों को इसके साथ जोड़ा गया है और लोगों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का काम किया जा रहा है।

विकासखंड कोरबा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पहंदा में कुल 5 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में इन गतिविधियों को संपादित किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत बीते वर्षों में यहां रिक्त जमीन का चिन्हाकंन करने के साथ इस काम के लिए उपयोगी बनाया गया। वर्षों तक जिस जमीन पर कुछ नहीं हो रहा था, अब वहां अनेक गतिविधियां संचालित हो रही है। इसी के साथ लोगों को जीवनस्तर बेहतर करने के लिए दिशा दी गई है। गांव के गौठान परिसर में ढाई हेक्टेयर में मवेशियों के रख रखाव की व्यवस्था की गई है। चारा-पानी के साथ उनके संरक्षण का ख्याल किया जा रहा है। जबकि बाकी हिस्से में आजीविका प्रबंधन के अंतर्गत मल्टी युटीलिटी सेंटर चलाया जा रहा है। यहां के सरपंच धनसिंह कंवर ने बताया कि इस परिसर में मछली पालन, बटेर, खरगोश, बत्तख पालन के साथ दोना-पत्तल, अगरबत्ती समेत अनेक गतिविधियों को शामिल किया गया है। स्थानीय लोगों को इस काम से जोड़ा गया है। लोगों को व्यस्त होने के साथ आर्थिक जरूरत की पूर्ति काफी हद तक करने में सहायता मिली है। ऐसी गतिविधियों को और बेहतर करने के लिए काम किया जाएगा।

# दीपका गोली कांड का खुलासा : 50 हजार लूटने घर में घुसकर दोस्त की पत्नी पर चलाई थी गोली

कोरबा (आरएनएस)। दोस्त को घर में 50 हजार नगद रखा होने की जानकारी देना भारी पड़ गया। दगाबाज दोस्त ने अपने एक अन्य दोस्त के साथ मिलकर उसके घर में घुसा और न केवल 50 हजार लूट लिए, बल्कि दोस्त की पत्नी को गोली मार कर घायल दिया। मामले में जांच के उपरांत पुलिस ने दो आरोपित को गिरफ्तार किया।

घटना दीपका थाना अंतर्गत ग्राम झाबर में 31 दिसंबर की रात 10.30 घटित हुई थी। यहां निवासरत सरोजनी बाई 25 वर्ष के घर में घुसकर दो अज्ञात युवक सिर में गोलीमार कर घर में रखे 50 हजार रूपये की लूट कर भाग गये थे। घटना को लेकर ग्राम में दहशत फैल गया और पुलिस के लिए भी मामला चुनौती पूर्ण बन गया। शिकायत पर दीपका पुलिस ने धारा 307, 34 व 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया। पुलिस ने टीम ने सभी बिंदुओं पर बारिकी से जांच पड़ताल की और सफलता नहीं मिल रही थी। इस बीच पुलिस सरोजनी के पति सन्नी से घटना के संबंध में विस्तृत चर्चा की। तब सन्नी ने बताया कि घटना दिनांक के दिन में वह अपने ट्रैक्टर का लोन जमा करने के लिए गुल्लक को तोड़ कर 50 हजार निकाला था और आलमारी में रखा था। इसकी जानकारी बातचीत के दौरान उसने अपने दोस्त जावेद अहमद 33 साल निवासी बस स्टैंड नोनबिर्रा थाना करतला को दिया था, जब वह घटना दिनांक को सन्नी से मिलने दीपका भी आया था। पुलिस के लिए इतना सुराग काफी था। पुलिस ने जावेद को हिरासत में लेकर पूछताछ किया, तब उसने अपने दोस्त धरम सिह राजपूत 35 साल निवासी पंखादफाई सुराकछार के साथ अपराध कबूलना स्वीकार किया। इस पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया और उनके पास से कुल 14 हजार नगद बरामद किया।

पूछताछ के दौरान जावेद ने बताया कि सन्नी के घर में 50 हजार होने की जानकारी मिलते ही उसकी नीयत बिगड़ गई और उसने इसकी जानकारी अपने दोस्त धरम सिंह राजपूत को जाकर दी। इसके बाद दोनों ने मिल कर लूट की योजना तैयार की। रात को करीबन 9:30 बजे के आसपास दोनों पिस्टल लेकर सनी के घर के पास इंतजार करने लगे। जैसे ही सनी घर से बाहर गया मौका देख कर दोनों उसके घर में घुस गये और सरोजनी बाई को गोली मारकर आलमारी में रखे 50 हजार रूपये को लूट कर भाग गये।

# शहीदों के सम्मान में रायपुर में प्रज्ज्वलित होगी छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति

» मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बड़ी घोषणा

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शहीदों के सम्मान में राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति का निर्माण कराने की घोषणा की है। छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति का निर्माण चैथी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल माना रायपुर के परिसर में किया जायेगा। शहीदों के सम्मान में छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति अनवरत जलती रहेगी। छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति का भूमि पूजन सांसद राहुल गांधी के हाथों आगामी 03 फरवरी को किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा है कि कांग्रेस बलिदानियों की पार्टी रही है और बलिदान का सम्मान करना जानती है। इतिहास गवाह रहा है कि जो भी समाज अपने शहीदों का सम्मान नहीं बनाये रखता, उनकी कुर्बानियों की यादों को संजोकर नहीं रखता, उनकी निशानियों का अपमान करता है, वो समाज मिट जाता है।

सन 1972 में हमारी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी ने देश के शहीद वीर सैनिकों के सम्मान में नई दिल्ली में अमर जवान ज्योति प्रज्ज्वलित की थी जो 1972 से लगातार जलती आ रही थी लेकिन केंद्र सरकार ने अमर जवान ज्योति को इंडिया गेट से हटाकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में शिफ्ट कर दिया। इंडिया गेट पर जलती हुई अमर जवान ज्योति आने जाने वालों को दिखती रहती थी उनमें देश के शहीदों के प्रति गर्व और कृतज्ञता का भाव पैदा करती थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में इंडिया गेट स्थित अमर ज्योति बुझाए जाने से वे आहत हुए हैं लेकिन अब राजधानी रायपुर में भी शहीदों के सम्मान में छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति प्रज्ज्वलित होगी। छत्तीसगढ़ के जिन सपूतों ने वर्दीधारी सेवाओं में जाकर देश के लिये प्राण न्यौच्छावर किये, साथ ही छत्तीसगढ़ में देश भर के जिन वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी उनकी शहादत का सम्मान हम 'छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति' के माध्यम से करेंगे।

छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति में शहीदों की नामावली सूची की दीवार, मेमोरियल टावर एवं वीवीआइपी मंच भी तैयार किया जाएगा। शहीदों की नामावली सूची की दीवार का निर्माण ब्राउन मार्बल से एवं शहीदों के नाम को उसी मार्बल में खुदाई कराकर लिखा जाएगा। यह दीवार लगभग 25 फीट ऊंची एवं लगभग 100 फीट की लंबाई के अर्धचंद्राकार रूप में रहेगी इस दीवार की मोटाई 3 फीट होगी। मेमोरियल टावर की स्थापना अर्धचंद्राकार दीवार के सामने बलुआ पत्थर ब्राउन व्हाइट मार्बल ग्रेनाइट से की जाएगी। इसके शीर्ष में स्मृति चिन्ह का निर्माण कराया जाएगा। मेमोरियल टावर के सामने आधार पर राइफल एवं हेलमेट प्रतीक चिन्ह के रूप में रहेगा। इसी प्रतीक चिन्ह के सामने छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति प्रज्ज्वलित होगी जो भूमिगत पाइप लाइन के माध्यम से ईंधन सप्लाई द्वारा 24 घंटे प्रज्ज्वलित होगी।

# फेसबुक आईडी हेक, मैसेज भेजकर की रूपए की मांग

कोरबा (आरएनएस)। सोशल मीडिया का उपयोग बढने के साथ कई प्रकार के खतरे भी लोगों के सामने पेश आ रहे हैं। कोरबा के डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा की फेसबुक आईडी अज्ञात व्यक्ति ने हेक कर ली है और संपर्क वाले लोगों को मैसेज भेज कर रूपए की मांग कर रहा है। रामपुर पुलिस चौकी और साईबर सेल को इस मामले की शिकायत लिखित रूप से की गई है। इसमें बताया गया है कि अज्ञात व्यक्ति ने आईडी हेक करने के साथ उसमें कुछ परिवर्तन किये हैं और इसी के जरिये फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। तथ्यों की जानकारी पुलिस को दी गई है। कहा गया है कि मंसूबे में सफल नहीं होने पर आरोपी अभद्र भाषा का प्रयोग भी कर रहा है। कुछ लोगों से उसने रूपयों की मांग की। इस आधार पर डॉ. शर्मा ने सभी को मामले से अवगत कराया। साईबर सेल प्रभारी कृष्णा साहू ने इस मामले पर संज्ञान लिया है। लोगों से कहा गया है कि जो भी व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सक्रिय है, उन्हें सतर्क रहने की भी जरूरत है। जब कभी भी ऐसे मामले प्रकाश में आये, तत्काल इस बारे में पुलिस को सूचित किया जाए ताकि आवश्यक दखल की जा सके।

# जल जीवन मिशन के कार्यों में आ रही तेजी

» बेहतर क्रियान्वयन के लिए लगातार हो रही समीक्षा



रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रूद्रकुमार के निर्देशन में राज्य के ग्रामीण अंचलों में जल जीवन मिशन के तहत शुद्ध पेयजल की आपूर्ति में तेजी आ रही है। जल जीवन मिशन के कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए लगातार समीक्षा की जा रही है। जल जीवन मिशन के तहत राज्य के 48 लाख 49 हजार 443 परिवारों को नल कनेक्शन के जरिए शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जायेगी। अब तक 8 लाख 14 हजार 497 परिवारों को नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इसी तरह कुल 45 हजार 973 आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल और स्वास्थ्य केंद्रों में से 36 हजार 420 विभिन्न संस्थाओं में रनिंग वाटर सप्लाई की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी और बेहतर क्रियान्वयन के लिए लगातार समीक्षा की जा रही है इसी कड़ी में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने विगत दिनों जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए जैन ने कहा है कि योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के बसाहटों के प्रत्येक घर, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल, आश्रम छात्रावास, अस्पतालों, पंचायत भवनों में पाइप लाइन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने के कार्य में और अधिक तेजी लाया जाए। उन्होंने कहा कि कार्य की पूर्णता की जिम्मेदारी लेने वाले एजेंसियों-ठेकेदारों के द्वारा यदि कार्य में लापरवाही की जा रही है तो उन्हें ब्लैक लिस्ट करते हुए राज्य शासन सहित दूसरे जिलों को भी जानकारी दिया जाना है। इसके साथ ही संबंधितों की संपत्ति को राजसात करने की प्रक्रिया चालू की जाएगी।




# मानक चावल वितरण की खबर निकली झूठी, धरनाकर्ता के साथ शासन की टीम ने जांची गुणवत्ता

» अमानक चावल वितरण को लेकर धरने पर बैठने का मामला

कोरबा (आरएनएस)। शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में अमानक स्तर का चावल लोगों को वितरित करने की सूचना अंततः झूठी निकली। इस कथित मामले को लेकर राजकुमार दुबे ने कल कोरबा के कलेक्टोरेट परिसर में धरना दिया था। इस पर अपर कलेक्टर सुनील नायक ने धरनाकर्ता के साथ उनकी बताई हुई शासकीय राशन दुकानों में प्रशासन की टीम भेजकर वितरण किये जा रहे चावल की जांच कराई। धरनाकर्ता राजकुमार दुबे की मौजूदगी में उनके ही द्वारा बताई गई दुकानों से चावल के सेम्पल लिये गये और उन्हें क्वालिटी इंसपेक्टर द्वारा जांचा गया। जांच में दोनों दुकानों के चावल के सेम्पल निर्धारित गुणवत्तायुक्त पाए गये। जांच दल में तहसीलदार कोरबा, खाद्य निरीक्षक कोरबा, नॉन के दो क्वालिटी इंसपेक्टर और कोरबा के मिलर कर्मी भी शामिल रहे।

उल्लेखनीय है कि शासकीय राशन दुकानों से लोगों को अमानक स्तर का चावल वितरित किया जाना बताकर राजकुमार दुबे 28 जनवरी को सुबह कलेक्टोरेट परिसर में धरने पर बैठ गये थे। राजकुमार दुबे ने पूछे जाने पर मुड़ापार की सोसायटी की लालघाट और अमरैय्या पारा की दो राशन दुकानों में ऐसे चावल का वितरण होना बताया गया था। इस पर अपर कलेक्टर सुनील नायक ने उनसे इसकी जानकारी लेकर उन्हीं की मौजूदगी में चावल की गुणवत्ता जांचने के निर्देश अधिकारियों को दिये थे। अधिकारियों द्वारा धरनाकर्ता के साथ उचित मूल्य की दुकानों में पहुंचकर भंडारित चावल का नमूना जांच के लिए लिया गया और इसकी जांच कलेक्टोरेट सभाकक्ष में दुबे की मौजूदगी में ही की गई। दोनों दुकानों में भंडारित चावल मानक स्तर का पाया गया। इससे धरनाकर्ता की अमानक चावल वितरण की बात झूठी निकली। प्रशासन ने धरनाकर्ता को जरूरी समझाईश दी।

यह भी उल्लेखनीय है कि अमानक स्तर के चावल वितरण के कथित विरोध में धरने पर बैठे राजकुमार दुबे ने प्रशासनिक अधिकारियों पर भी दबाव बनाने का पूरा प्रयास किया था। उन्होंने अधिकारियों का नाम लेकर आत्महत्या करने तक की धमकी इस मामले पर अधिकारियों को दे दी थी।